**संख्या- 25/751/बयालिस-2015-51(बजट)/2014**

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेल,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**खेल अनुभाग** **लखनऊ : दिनांक : 29 मार्च, 2015**

**विषय- म्योहाल स्पोर्टस काम्पलेक्स, (सम्प्रति अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्पलेक्स) इलाहाबाद में एस0सी0पी0 योजनान्तर्गत मुख्य भवन के प्रथम तल का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण एवं स्क्वैश कोर्ट तथा जिम्नेजियम हाल के निर्माण के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- जी- 1092/नि0 इलाहाबाद स्टे0/2014-15, दिनांक 21 जनवरी, 2015 के सन्दर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष- 2014-15 में अनुसूचित जाति बस प्लान के अन्तर्गत म्योहाल स्पोर्टस काम्पलेक्स, (सम्प्रति अमिताभ बच्चन स्पोर्टस काम्पलेक्स) इलाहाबाद के मुख्य भवन के प्रथम तल का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण एवं स्क्वैश कोर्ट तथा जिम्नेजियम हाल के निर्माण के सम्बन्ध में प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा मूल्यांकित लागत रू0 391.04 लाख (तीन करोड़ इक्यानबे लाख चार हजार मात्र् प्रशासकीय स्वीकृति तथा अनुदान संख्या- 83 के अन्तर्गत बजट में प्राविधानित धनराशि रू0 2.00 करोड़ (दो करोड़ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष प्रदान करते है :-

(1)- उपरोक्त स्वीकृत धनराशि रू0 2.00 करोड़ (रू0 दो करोड़ मात्र) कोषागार से आहरित करके सम्बन्धित कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृत वित्तीय वर्ष- 2014-15 में उपलब्ध परिव्यय एवं बजट सीमा के अन्तर्गत् दी जा रही है।

(2)- कार्यों को पूर्व गुणवत्ता एवं मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप में ही पूर्ण किये जाने का दायित्व निदेशक, खेल एवं कार्यदायी संस्था का होगा।

(3)- स्वीकृत धनराशि का आहरण व्यय की आवश्यकता के अनुरूप किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि का पूर्ण उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा।

(4)- प्रायोजना की लागत में टाइम ओवर रन कास्ट ओवर रन न हो अत: इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों एवं बजट मैनूवल के प्रस्तर- 212(7) में दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा कार्य को निर्धारित समय में ही पूर्ण किया जायेगा।

(5)- प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृत प्राप्त होने के उपरान्त ही निर्माण प्रारम्भ कराया जायेगा। प्रश्नगत कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में पुनरावृत्ति/द्विरावृत्ति न हो

http://shasanadesh.up.nic.in

इसे निदेशक, खेल एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(6)- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय/उपयोग भारत सरकार द्वारा निर्धारित अनुसूचित जाति/जनजाति सब प्लान से सम्बन्धित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।

(7)- प्रायोजनान्तर्गत स्पोर्टस विनायल फ्लोरिंग, वुडेन फ्लोरिंग, हाई प्लास्टर, स्क्वैश में ग्लास वाल, पी0वी0सी0 फ्लोरिंग रबड सेफ्टी स्पोर्टस टाइल्स आदि को सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त कर सम्मिलित किया गया है।

(8)- कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व नियमानुसार समस्त वैधानिक अनापत्तियाँ एवं पर्यावरणीय फिलयरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करके ही निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

2- उक्त मद में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष- 2014-15 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83 के लेखाशीर्षक 4202-शिक्षा, खेलकूद, कला तथा संस्कृति पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-खेलकूद तथा युवा सेवा-789-अनूसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-05-म्योहॉल, इलाहाबाद स्थित स्पोर्टस कॉम्पलेक्स के सुदृढ़ीकरण/जीर्णोद्धार/नवीनीकरण एवं विस्तर हेतु-24-वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश बजट प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग के शासनादेश संख्या- 417/26-ब0प्र0-2014, दिनांक 29.03.2014 में उल्लिखित निर्देशों एवं वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- बी0-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 में प्रतिनिहित अधिकारों के तहत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

( अनिल कुमार )
अनु सचिव।

**<u>संख्या- 751(1)/बयालिस-2015-तद्दिनांक :-</u>**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-</u>**

(1)- महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(2)- महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
(3)- कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
(4)- जिलाधिकारी, इलाहाबाद।
(5)- क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, इलाहाबाद।
(6)- परियोजना प्रबन्धक निर्माण इकाई, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, इलाहाबाद।
(7)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग- 1/2
(8)- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग- 5
(9)- नियोजन अनुभाग- 4
(10)- गार्ड फाईल/कम्पयूटर प्रति।

आज्ञा से,

( अनिल कुमार )
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in